# भिलाई के दलजीत बने दुर्ग आयडल

मानस भवन दुर्ग में आयोजित आइडल दो में उपस्थित लोग।–भास्कर

*दुर्ग आयडल दो (गीत-संगीत) में सीनियर वर्ग का पहला पुरस्कार भिलाई के दलजीत सिंह ने जीता। जूनियर वर्ग में दुर्ग की अर्पिता कौर ने बाजी मारी।*

**भास्कर न्यूज. दुर्ग**

सामाजिक संस्था उज्जवल युवा विकास परिषद ने स्थानीय मानस भवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया। सुबह उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रवीण भाई आड़तिया व विशेष अतिथि किशोर जैन थे। अध्यक्षता जवरीलाल बाफना ने की। अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आगे भी इस तरह के कार्यक्रम करने के लिए संस्था को प्रेरित किया। अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष मिलाप जैन, जिला संयोजक अरविंद देशमुख, विनय निषाद, सुदामा निर्मलकर, देवेंद्र गोलछा, दुलेश्वर मटियारा ने किया। अध्यक्ष मिलाप जैन ने संस्था के उद्देश्य एवं गतिविधियों से अवगत कराया। इस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग से द्वितीय खैरागढ़ के नितिन उके, तृतीय भिलाई की गायत्री सिंह रहीं। सांत्वना पुरस्कार राजकुमार मिश्रा, आशीष मिश्रा, इरफान अली, आरसी अरोरा, अंजली जैन को दिया गया। जूनियर वर्ग में सांत्वना पुरस्कार एमवी दिव्या, लतिका रुसिया, स्नेहा देवांगन, श्वेता श्री को मिला। पुरस्कार वितरण में सांसद ताराचंद साहू ने कहा कि इस कार्यक्रम की पुनरावृत्ति होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ के कलाकारों को उभारने के लिए संस्था ने एक मंच दिया है। संस्था के निर्णायक अश्वनी वर्मा, डा. ज्योर्तिमय सेन का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। संचालन नेतराम ने किया।

**शुभम ने खूब हंसाया :** भिलाई के बाल हास्य कलाकार शुभम चेड़े ने गीत-संगीत के बीच अपने व्यंग्य से दर्शकों को खूब हंसाया। उसने सांसद ताराचंद साहू पर भी व्यंग्य प्रस्तुत किया। विनय शर्मा ने 32 कलाकारों की आवाज सुनाकर दर्शकों को गुदगुदाया।

**संस्थाएं सम्मानित :** समाजसेवा में हमेशा आगे रहने वाली संस्था ओम शिक्षा समिति सिकोला बस्ती व श्री जैन मित्र मंडल का प्रतीक चिन्ह से सम्मान किया गया।

दैनिक भास्कर सोमवार- 08.01.07

दुर्ग आयडल -2

दुर्ग आयडल-4- 30/01/11

# विक्रम बने चौथे दुर्ग आयडल

**सिटी रिपोर्टर** | दुर्ग

गीत गायन स्पर्धा दुर्ग आयडल के चौथे संस्करण के विजेता होने का गौरव सीनियर वर्ग में विक्रम सिंग और जूनियर वर्ग में समादृति बोस ने हासिल किया। तीन दिनों तक कई दौर में चली स्पर्धा में प्रतिभागियों ने नए-पुराने गीतों के माध्यम से लोगों का दिल जीत लिया। उज्जवल युवा विकास परिषद द्वारा आयोजित दुर्ग आयडल-4 में कड़े संघर्ष के बाद सीनियर वर्ग में दूसरे स्थान पर शिखर शुक्ला और तृतीय अंजली जैन रहीं। जूनियर वर्ग में भी कांटे के संघर्ष में दूसरे स्थान पर कीर्ति साहू और तीसरे पर दिनशा गुलाटी रहे। निर्णायक मंडल में डा. ज्योर्तिमय सेन, अश्वनी वर्मा, नंदनी देशमुख, गोपी मिश्रा के अलावा सास भी कभी बहू थी सीरियल के संगीत निर्देशक मुंबई के श्याम सारथी शामिल थे। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि सांसद सरोज पांडेय व विशिष्ट अतिथि दुर्ग नगर निगम सभापति देवनारायण तांडी, सांसद प्रतिनिधि सतीश समर्थ, डा. उज्जवला तमेर, शिव चंद्राकर व अजय दुबे थे। अध्यक्षता दुर्ग महापौर डा. शिवकुमार तमेर ने की। कार्यक्रम का संचालन चंदनबाला जैन व देवेंद्र गोलछा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिषद के अध्यक्ष मिलाप जैन, अरविंद देशमुख, विनय निषाद, दुलेश्वर, कुशल, शरद, वेदप्रकाश, पुरुषोत्तम देवांगन का सहयोग रहा।

**सीनियर** वर्ग के विजेता विक्रम सिंग अपनी खुशी जाहिर करते हुए।